# न्याय संगत
# (Syllogism)

## ❑ वेन आकृतियों के माध्यम से तार्किक निगमन

वेन आकृतियों के माध्यम से सबसे पहले आपको यह जानना चाहिए कि दिये गये कथनों के आधार पर वैन आकृतियों का निर्माण कैसे करें?

वेन आकृतियों का निर्माण करते समय सभी संभव परिस्थितियों पर ध्यान देना पड़ता है।


जैसा कि आप जानते हैं कि कथन 2 प्रकार के होते हैं।

**(i) पूर्णतः वर्गीकृत और अंशतः वर्गीकृत।** पूर्णतः वर्गीकृत कथन भी पुनः 2 प्रकारों में विभाजित किए जा सकते हैं।

**(1) सकारात्मक :** जैसे- सभी शेर हिंसक है।

**(2) नकारात्मक :** जैसे- कोई शेर शाकाहारी नहीं है।

उपर्युक्त दोनों कथनों के लिए वेन आकृतियां क्रमशः इस प्रकार निर्मित की जा सकती है–




I II

स्पष्ट है कि पूर्णतः वर्गीकृत सकारात्मक कथन में शेर हिंसक जीव में समाहित है, जबकि पूर्ण वर्गीकृत नकारात्मक कथन में शेर एवं शाकाहारी एकदम पृथक हैं। इन दोनों ही प्रकारों के कथनों के आधार पर वेन आकृतियों के निर्माण में कोई कठिनाई नहीं उत्पन्न होती है, क्योंकि यह एकदम सीधा एवं सरल है।

कठिनाई तो उत्पन्न होती है अंशतः वर्गीकृत कथनों के आधार पर सभी संभव वेन आकृतियों के निर्माण में। सर्वप्रथम अंशतः वर्गीकृत कथनों के उदाहरण देखें–

(1) सकारात्मक अंशतः वर्गीकृत–

जैसे–कुछ शेर पालतू हैं।


(2) नकारात्मक अंशतः वर्गीकृत–

कुछ शेर पालतू नहीं है।

सर्वप्रथम प्रथम कथन पर विचार करें–

कथन–कुछ शेर पालतू हैं।

इस कथन के लिए वेन आकृति है–





उपर्युक्त वेन आकृति में रेखांकित भाग कुछ शेर पालतू हैं, को प्रदर्शित कर रहा है। लेकिन यहीं पर ध्यान देना होगा कि उपर्युक्त कथन से यह निष्कर्ष निकल रहा है कि 'कुछ शेर पालतू हैं' और 'कुछ शेर पालतू नहीं हैं।''


लेकिन आप ध्यान दीजिए उपर्युक्त कथन में 2 और स्थितियां भी सन्निहित हो सकती हैं–

(1) कुछ शेर पालतू हैं और शेष शेर भी पालतू हैं।

अर्थात सभी शेर पालतू हैं। इस स्थिति के आधार पर निर्मित वेन आकृति होगी–




(2) कुछ पालतू जीव शेर हैं और शेष पालतू जीव भी शेर हैं अर्थात सभी पालतू जीव शेर हैं इस आधार पर निर्मित वेन आकृति होगी–





आपने देखा कि एक ही कथन से 3 प्रकार की वेन आकृतियों का निर्माण किया जा सकता है। आपको इन सभी संभव स्थितियों पर विचार करना होगा, अन्यथा निष्कर्ष में त्रुटि आ जाएगी।

अंशतः सकारात्मक कथन के ही आधार पर अंशतः नकारात्मक कथन में भी 3 प्रकार की स्थितियां निर्मित हो सकती हैं–देखें

**कुछ शेर पालतू नहीं हैं**


**स्थिति 1.** कुछ शेर पालतू नहीं है और शेष शेर पालतू हैं-




**स्थिति 2.** सभी पालतू जीव शेर हैं लेकिन कुछ शेर ऐसे हैं जो पालतू नहीं है।



**स्थिति 3.** कुछ शेर पालतू नहीं है और शेष शेर भी पालतू नहीं हैं अर्थात कोई शेर पालतू नहीं है।




वेन आकृतियों का निर्माण कर लेने के पश्चात 3 चरणों में विचार करके वेन आकृतियों के माध्यम से निष्कर्ष की सत्यता तक पहुंच सकते हैं।

**देखें वे 3 चरण कौन से हैं–**

**चरण 1.** सभी संभव वेन आकृतियों का निर्माण करें।

**चरण 2.** कथन 1 एवं 2 की संभव आकृतियों को निष्कर्ष वाली संयुक्त आकृतियां निर्मित करें।

**चरण 3.** इन संयुक्त आकृतियों को देखकर निष्कर्ष निर्गत करें। कोई भी दिया गया निष्कर्ष सत्य होगा यदि सभी संयुक्त आकृतियां उस निष्कर्ष का समर्थन करेंगी और कोई भी आकृति दिये गये निष्कर्ष को गलत साबित न करती हो।

**देखें उदाहरण–**

**कथन : 1.** सभी बिल्ली चमगादड़ हैं।

**2.** सभी चमगादड़ मेज हैं।


**निष्कर्ष :** 1. कुछ मेज चमगादड़ हैं।

2. कुछ मेज बिल्लियां हैं।

**हल–प्रथम चरण–**इसमें दोनों कथनों के अलग-अलग सभी संभव आकृतियां निर्मित करें जो इस प्रकार हैं।

यदि हम बिल्ली = C, चमगादड़ = B, तथा मेज = T मानें तो–

**कथन I** **कथन II**





A(i) B (ii) C (i) D (ii)


**नोट–**कथन 1 की 2 संभव आकृतियां हैं **(1)** सभी बिल्लियां चमगादड़ हैं अर्थात चमगादड़ का एक भाग बिल्लियां हैं अर्थात आकृति A (i), **(2)** बिल्लियों एवं चमगादड़ों का भाग पूरी तरह बराबर है। अर्थात दोनों भाग समान हैं और एक दूसरे में परस्पर समाहित हैं इस आधार पर निर्मित आकृति है B(ii)।

कथन I की ही भांति कथन II पर भी 2 संभव आकृतियां निर्मित हैं।

**द्वितीय चरण–**अब द्वितीय चरण में उपर्युक्त दोनों कथनों की आकृतियों को संयुक्त कर मिश्रित आकृतियां निर्मित करें।

**I** **II**




**III** **IV**

**तृतीय चरण–**देखें कि दिये गये दोनों निष्कर्ष कुछ मेज चमगादड़ हैं तथा कुछ मेज बिल्लियां हैं सभी संयुक्त आकृतियों में समाहित हैं या नहीं। आकृतियों से स्पष्ट है सभी चारों संयुक्त आकृतियों के अनुसार ये दोनों निष्कर्ष सत्य हैं। कोई आकृति किसी निष्कर्ष को गलत नहीं साबित कर रही है क्योंकि आप देख रहे हैं कि सभी आकृतियों में कुछ मेजों का हिस्सा चमगादड़ में अवश्य ही सम्मिलित है। इसी प्रकार सभी आकृतियों में कुछ मेजों का भाग बिल्लियों के भाग में भी सम्मिलित है अतः दोनों ही निष्कर्ष सत्य हैं।

उपर्युक्त प्रश्न में निष्कर्ष यदि इस प्रकार होते–

(1) सभी बिल्लियां मेजें है। (2) सभी मेज बिल्लियां हैं।

इन दोनों निष्कर्ष में प्रथम निष्कर्ष सत्य है तथा दूसरा असत्य क्योंकि प्रथम निष्कर्ष सभी आकृतियों के अनुसार सत्य है जबकि द्वितीय निष्कर्ष केवल चौथी आकृति के अनुसार ही सही है।

# परीक्षोपयोगी प्रश्न

**1. कौन-सा एक निष्कर्ष नीचे दिए कथन का निश्चित रूप से अनुसरण करता है?**

**कथन :** सभी कुत्ते बंदर हैं।

कोई बंदर बिल्ली नहीं है

**निष्कर्ष :**

(a) कोई कुत्ता बिल्ली है


(b) कोई बिल्ली कुत्ता नहीं है

(c) सभी कुत्ते बिल्ली हैं

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (b)**

प्रश्नानुसार आरेख खींचने पर–




अतः निष्कर्ष (b) निश्चित रूप से अनुसरण करता है।

**2. कथनों तथा निष्कर्ष/परिणामों को पढ़कर बताइए कि कौन-से परिणाम/निष्कर्ष दिए गए कथन का निश्चित रूप से अनुसरण करता है?**

**निष्कर्ष :** कुछ पक्षी कीट हैं।


सभी पक्षी तितलियां हैं।

सभी कीट सर्प हैं।

**निष्कर्ष (परिणाम) :** **I.** कुछ सर्प पक्षी हैं।
**II.** कुछ तितलियां कीट हैं।
**III.** कुछ सर्प तितलियां हैं।
**IV.** कुछ कीट पक्षी हैं।

(a) कोई भी सही नहीं है (b) I या II सही हैं
(c) सभी सही हैं (d) केवल IV सही है

**उत्तर (c)**





दिए गए सभी निष्कर्ष सत्य है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**3. यदि कुछ पुस्तकें पेंसिल हैं और कुछ पेंसिलें कलम हैं; तो इसका आशय है—**

(a) सभी पुस्तकें कलम हैं
(b) सभी कलम पेंसिल हैं
(c) सभी कलम पुस्तकें हैं
(d) कुछ पेंसिलें पुस्तकें हैं

**उत्तर (d)**





चित्र से यह निष्कर्ष निकलता है कि कुछ पेंसिलें पुस्तकें हैं। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**निर्देश : (प्रश्न 4 से 27) नीचे दिए गए प्रश्नों में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं, हालांकि उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो सकती है। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत हैं?**

**4. कथन : I.** सभी पेन कप हैं।
**II.** सभी ग्लास कप हैं।
**निष्कर्ष : I.** कुछ पेन ग्लास हैं।
**II.** कुछ ग्लास कप हैं।
**III.** कुछ ग्लास पेन हैं।

(a) केवल निष्कर्ष (I) तथा निष्कर्ष (III) सही हैं।
(b) केवल निष्कर्ष (I) सही है।
(c) केवल निष्कर्ष (II) सही है।
(d) कोई भी निष्कर्ष सही नहीं है।

**उत्तर—(c)**





कुछ पेन, ग्लास हो भी सकते हैं या नहीं भी, जबकि कुछ ग्लास निश्चित ही कप होंगे तथा कुछ ग्लास पेन हो भी सकते हैं या नहीं भी। इस प्रकार केवल निष्कर्ष II सत्य होगा।

**5. कथन :** सभी राजनीतिज्ञ ईमानदार हैं।
सभी ईमानदार निष्कलंक हैं।
**निष्कर्ष : I.** कुछ ईमानदार राजनीतिज्ञ हैं।
**II.** कोई ईमानदार राजनीतिज्ञ नहीं है।
**III.** कुछ निष्कलंक राजनीतिज्ञ हैं।
**IV.** सभी निष्कलंक राजनीतिज्ञ हैं।

(a) केवल I अनुसरण करता है।
(b) केवल I और II अनुसरण करते हैं।
(c) केवल I और III अनुसरण करते हैं।
(d) कोई अनुसरण नहीं करता।

**उत्तर (c)**

प्रश्नानुसार निम्न वेन आरेख प्राप्त होगा-




उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है, कि कुछ ईमानदार राजनीतिज्ञ हैं तथा कुछ निष्कलंक राजनीतिज्ञ हैं। अतः केवल निष्कर्ष (i) और (iii) अनुसरण करते हैं।

**6. कथन :** सभी विमान रेलगाड़ियां हैं।
कुछ रेलगाड़ियां कुर्सियां हैं।
**निष्कर्ष : I.** कुछ विमान कुर्सियां हैं।
**II.** कुछ कुर्सियां विमान हैं।
**III.** कुछ कुर्सियां रेलगाड़ियां हैं।

**IV.**कुछ रेलगाड़ियां विमान हैं।

(a) केवल I और II अनुसरण करते हैं।


(b) केवल II और III अनुसरण करते हैं।

(c) केवल III और IV अनुसरण करते हैं।

(d) कोई अनुसरण नहीं करता।

**उत्तर (c)**

प्रश्नानुसार निम्न वेन आरेख प्राप्त होगा -




उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि, निष्कर्ष (iii) तथा (iv) अनुसरण करते हैं।

**7. कथन :** कुछ किताबें पेन हैं।
कोई पेन पेंसिल नहीं है।

**निष्कर्ष : I.** कुछ पेन किताबें हैं।

**II.** कुछ पेंसिलें किताबें हैं।

**III.** कुछ किताबें पेंसिलें नहीं हैं।

**IV.**सभी पेंसिलें किताबें हैं।

(a) केवल II और III अनुसरण करते हैं।


(b) केवल I और III अनुसरण करते हैं।

(c) केवल I और II अनुसरण करते हैं।

(d) केवल I अनुसरण करता है।

**उत्तर (b)**

प्रश्नानुसार आरेख बनाने पर




∵ कुछ किताबें पेन हैं।

∴ कुछ पेन किताबें है।

अब निष्कर्ष III लेते हैं कुछ किताबें पेंसिल नहीं हैं। यह कथन भी सत्य होगा, क्योंकि किताबों का वह भाग जो पेन के अंतर्गत आता है, वह निश्चित ही पेंसिल नहीं होगा। अतः सही उत्तर विकल्प (b) होगा।

**8. कथन :** कुछ इमारतें झोपड़ी हैं।
सभी कॉलेज गांव हैं।
कुछ गांव इमारतें हैं।

**निष्कर्ष :**(i) सभी गांव इमारते हैं।

(ii) कुछ गांव झोपड़ी हैं।

(iii) कुछ झोपड़ी कॉलेज हैं।

(iv) कुछ इमारतें गांव हैं।


(a) केवल I तथा III अनुसरण करते हैं

(b) केवल I तथा II अनुसरण करते हैं

(c) केवल IV अनुसरण करता है

(d) केवल I अनुसरण करता है

**उत्तर (c)**




केवल निष्कर्ष IV निश्चित रूप से अनुसरण करेगा। यह कथन का ही त्वरित अनुमान है। शेष निष्कर्षों के विषय में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**9. कथन : I.** कोई पेन पेंसिलें नहीं हैं।

**II.** कोई रबर कप नहीं है।

**III.** सभी पेंसिलें रबर हैं।

**निष्कर्ष : I.** कुछ पेन रबर नहीं हैं।

**II.** कुछ रबर पेन नहीं हैं।

**III.** कोई पेंसिल कप नहीं है।

**IV.** कुछ रबर कप हैं।


(a) केवल निष्कर्ष (I) तथा निष्कर्ष (IV) सही हैं।

(b) केवल निष्कर्ष (I) तथा निष्कर्ष (III) सही हैं।

(c) केवल निष्कर्ष (II) तथा निष्कर्ष (III) सही हैं।

(d) केवल निष्कर्ष (II) तथा निष्कर्ष (IV) सही हैं।

**उत्तर—(c)**




उपर्युक्त चित्रों से स्पष्ट है कि निष्कर्ष I एवं IV असत्य हैं, जबकि निष्कर्ष II एवं III सत्य होंगे। अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**10. कथन : I.** कुछ पेन ग्लास हैं।

**II.** सभी ग्लास दीवार हैं।

**निष्कर्ष :** **I.** कुछ दीवार पेन है।

**II.** कुछ दीवार ग्लास हैं।

(a) केवल निष्कर्ष (I) सही है।


(b) केवल निष्कर्ष (II) सही है।

(c) दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।

(d) न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) सही है।

**उत्तर—(c)**

दिए गए कथन को वेन आरेख से प्रदर्शित करने पर




उपरोक्त से स्पष्ट है कि दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।

**11. कथन :** **I.** कुछ सुंदर बुद्धिमान हैं।

**II.** सभी बुद्धिमान बेटियां हैं।

**निष्कर्ष :** **I.** कुछ बुद्धिमान सुंदर हैं।

**II.** कुछ बेटियां बुद्धिमान हैं।

**II.** कुछ सुंदर बेटियां हैं।

(a) केवल निष्कर्ष (I) तथा निष्कर्ष (II) सही हैं।


(b) केवल निष्कर्ष (I) तथा निष्कर्ष (III) सही हैं।

(c) केवल निष्कर्ष (II) तथा निष्कर्ष (III) सही हैं।

(d) सभी निष्कर्ष सही हैं।

**उत्तर—(d)**

दिए गए कथनों को वेन आरेख से प्रदर्शित करने पर




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि सभी निष्कर्ष सही हैं।

**12. कथन :** **I.** सभी अंगूर हरे हैं।

**II.** कुछ हरे सख्त हैं।

**निष्कर्ष :** **I.** कुछ हरे अंगूर हैं।

**II.** कुछ सख्त अंगूर हैं।

**III.** कोई अंगूर सख्त नहीं हैं।

(a) केवल निष्कर्ष (I) सही है।


(b) केवल निष्कर्ष (I) तथा (II) सही हैं।

(c) केवल निष्कर्ष (I) तथा (III) सही हैं।

(d) सभी निष्कर्ष सही हैं।

**उत्तर—(a)**

दिए गए कथनों को वेन आरेख से प्रदर्शित करने पर




उपरोक्त से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष (I) सही है।

**13. कथन :** **I.** सभी गाड़ियां काली हैं।

**II.** कोई काला चमकीला नहीं है।

**निष्कर्ष :** **I.** कुछ गाड़ियां चमकीली हैं।

**II.** कोई गाड़ी चमकीली नहीं है।

**III.** कोई चमकीली गाड़ी नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष (I) तथा (II) सही हैं।


(b) केवल निष्कर्ष (II) तथा (III) सही हैं।

(c) केवल निष्कर्ष (I) तथा (III) सही हैं।

(d) सभी निष्कर्ष सही हैं।

**उत्तर—(b)**

दिए गए कथनों को वेन आरेख से प्रदर्शित करने पर




उपरोक्त से स्पष्ट है कि निष्कर्ष (II) तथा (III) सही हैं।

**14. कथन :** **I.** सभी कप प्लेटें हैं।

**II.** कोई प्लेट चम्मच नहीं है।

**III.** कुछ चम्मचें पेन नहीं हैं।

**निष्कर्ष :** **I.** कुछ पेन कप हैं।

**II.** कुछ कप चम्मचें हैं।

**III.** कोई कप चम्मच नहीं है।

**IV.** कुछ पेन कप नहीं हैं।

(a) केवल निष्कर्ष (II) तथा निष्कर्ष (III) सही हैं।


(b) केवल निष्कर्ष (III) तथा निष्कर्ष (IV) सही हैं।

(c) केवल निष्कर्ष (I) तथा निष्कर्ष (IV) सही हैं।

(d) केवल निष्कर्ष (I), (II) तथा निष्कर्ष (III) सही हैं।

**उत्तर—(b)**

दिए गए कथनों से चित्र बनाने पर



अतः उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि निष्कर्ष (III) एवं निष्कर्ष (IV) कोई कप चम्मच नहीं हैं एवं कुछ पेन कप नहीं हैं, स्पष्ट रूप से सही हैं। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**15. कथन : I.** सभी पेन पेंसिलें हैं।

**II.** कोई पेंसिल रबर नहीं है।

**III.** कुछ कप रबर हैं।

**निष्कर्ष : I.** कुछ कप पेंसिलें नहीं हैं।

**II.** कुछ कप पेन नहीं हैं।

**III.** कुछ पेंसिल कप नहीं हैं।

**IV.** कुछ पेन रबर नहीं हैं।


(a) केवल निष्कर्ष (I), (II) तथा निष्कर्ष (III) सही हैं।

(b) केवल निष्कर्ष (II) तथा निष्कर्ष (IV) सही हैं।

(c) केवल निष्कर्ष (I), (II) तथा निष्कर्ष (IV) सही हैं।

(d) सभी निष्कर्ष सही हैं।

**उत्तर—(d)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि कुछ कप पेंसिल नहीं है, कुछ कप पेन भी नहीं है, कुछ पेंसिल कप नहीं है तथा कुछ पेन भी रबर नहीं है। अतः दिए गए कथनों से सभी निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं।

**16. कथन : I.** सभी कागज पीले हैं।

**II.** सभी पीले समाचार-पत्र हैं।

**III.** कुछ समाचार-पत्र राष्ट्रीय हैं।

**निष्कर्ष : I.** कुछ राष्ट्रीय पीले हैं।

**II.** कुछ समाचार-पत्र कागज हैं।

**III.** कोई कागज राष्ट्रीय नहीं है।


(a) केवल निष्कर्ष (I) तथा (II) सही हैं।

(b) केवल निष्कर्ष (I) तथा (III) सही हैं।

(c) केवल निष्कर्ष (II) सही है।

(d) केवल निष्कर्ष (III) सही है।

**उत्तर—(c)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि कुछ राष्ट्रीय, पीले हो भी सकते हैं नहीं भी। इस प्रकार निष्कर्ष I गलत है तथा कुछ समाचार-पत्र कागज अवश्य होंगे इस प्रकार निष्कर्ष II सही है। कोई कागज राष्ट्रीय है अथवा नहीं, यह भी स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता। इस प्रकार निष्कर्ष III भी गलत है। अतः केवल निष्कर्ष II सही है।

**17. कथन : I.** कुछ कपड़े सफेद हैं।

**II.** कुछ सफेद झंडे हैं।

**III.** कोई झंडा सीधा नहीं है।

**निष्कर्ष : I.** कोई कपड़ा सीधा नहीं है।

**II.** कुछ सफेद सीधे हैं।

**III.** कुछ झंडे कपड़े हैं।


(a) केवल निष्कर्ष (I) सही है।

(b) केवल निष्कर्ष (II) सही है।

(c) केवल निष्कर्ष (III) सही है।

(d) कोई भी निष्कर्ष सही नहीं है।

**उत्तर—(d)**




उपर्युक्त चित्रों से स्पष्ट है कि कोई भी निष्कर्ष सही नहीं है।

**18. कथन : I.** कोई भी स्पेगेटी नूडल्स नहीं होती।

**II.** कुछ भोजन स्पेगेटी होते हैं।

**निष्कर्ष : I.** सभी नूडल्स भोजन होते हैं।

**II.** सभी भोजन नूडल्स होते हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।


(b) केवल निष्कर्ष II सही है।

(c) दोनों निष्कर्ष I और II सही हैं।

(d) न तो निष्कर्ष I सही है न ही निष्कर्ष II

**उत्तर—(d)**

कथन I तथा कथन II के अनुसार




अतः चित्र से स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सही है।

**19.** **कथन** : **I.** सभी बोल्ट कीलें होती हैं।

**II.** कुछ स्क्रू बोल्ट होते हैं।

**निष्कर्ष** : **I.** सभी कीलें स्क्रू होते हैं।

**II.** सभी स्क्रू कीलें होते हैं।


(a) केवल निष्कर्ष I सही है।

(b) केवल निष्कर्ष II सही है।

(c) दोनों निष्कर्ष I और II सही हैं।

(d) न तो निष्कर्ष I सही है न ही निष्कर्ष II

**उत्तर—(d)**




चित्रानुसार स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सही है। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**20.** **कथन** : **I.** कुछ मेज कुर्सियां हैं।

**II.** सभी कुर्सियां कप हैं।

**निष्कर्ष** : **I.** सभी मेज कप हैं।

**II.** कुछ मेज कप हैं।


(a) केवल निष्कर्ष (I) सही है।

(b) केवल निष्कर्ष (II) सही है।

(c) दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।

(d) न तो निष्कर्ष (I) न ही निष्कर्ष (II) सही है।

**उत्तर—(b)**




उपर्युक्त ग्राफ से स्पष्ट है कि सभी मेज कप हो भी सकती हैं और नहीं भी हो सकती हैं। लेकिन यह स्पष्ट है कि कुछ मेज कप अवश्य होंगे। अतः केवल निष्कर्ष (II) ही सही है।

**21.** **कथन** : **I.** सभी आलू चिप्स होते हैं।

**II.** सभी फ्रेंच फ्राइज आलू होते हैं।

**निष्कर्ष** : **I.** कोई भी चिप्स फ्रेंच फ्राइज नहीं होते।

**II.** कुछ फ्रेंच फ्राइज चिप्स होते हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।


(b) केवल निष्कर्ष II सही है।

(c) दोनों निष्कर्ष I और II सही हैं।

(d) ना तो निष्कर्ष I सही है ना ही निष्कर्ष II

**उत्तर—(b)**

प्रश्नानुसार




चित्रानुसार स्पष्ट है कि निष्कर्ष I गलत है, जबकि निष्कर्ष II सही है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**22.** **कथन** : **I.** सभी केक पेस्ट्री होती हैं।

**II.** कुछ ब्रेड केक होती हैं।

**निष्कर्ष** : **I.** कोई भी पेस्ट्री ब्रेड नहीं होती।

**II.** कुछ ब्रेड पेस्ट्री होती हैं।


(a) केवल निष्कर्ष I सही है।

(b) केवल निष्कर्ष II सही है।

(c) दोनों निष्कर्ष I और II सही हैं।

(d) ना तो निष्कर्ष I सही है ना ही निष्कर्ष II


**उत्तर—(b)**



चित्रानुसार स्पष्ट है कि निष्कर्ष I 'कोई भी पेस्ट्री ब्रेड नहीं होती' असत्य है, जबकि निष्कर्ष II 'कुछ ब्रेड पेस्ट्री होती हैं' सत्य है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**23. कथन :** **I.** कोई भी फल बेरीज नहीं होते।
**II.** कुछ चेरीज फल होती हैं।
**निष्कर्ष :** **I.** सभी बेरीज चेरीज होती हैं।
**II.** कुछ चेरीज बेरीज होती हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) दोनों निष्कर्ष I और II सही है।
(d) न तो निष्कर्ष I सही है न ही निष्कर्ष II ।


**उत्तर—(d)**




चित्रानुसार स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सही है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**24. कथन :** **I.** सभी कप कुर्सियां हैं।
**II.** कोई कुर्सी मेज नहीं है।
**निष्कर्ष :** **I.** कुछ कप मेज नहीं हैं।
**II.** कुछ कुर्सियां कप हैं।
(a) केवल निष्कर्ष (I) सही है।
(b) केवल निष्कर्ष (II) सही है।
(c) दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।
(d) न तो निष्कर्ष (I) न ही निष्कर्ष (II) सही है।


**उत्तर—(c)**




उपर्युक्त ग्राफ से स्पष्ट है कि कुछ कप मेज नहीं हैं तथा कुछ कुर्सियां कप हैं। अतः दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।

**25. कथन :** **I.** सभी कलम कुर्सियां हैं।
**II.** सभी कुर्सियां मेज हैं।
**निष्कर्ष :** **I.** कुछ कुर्सियां कलम हैं।
**II.** कुछ कुर्सियां मेज हैं।
(a) केवल निष्कर्ष (I) सही है।
(b) केवल निष्कर्ष (II) सही है।
(c) दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।
(d) न तो निष्कर्ष (I) न ही निष्कर्ष (II) सही है।


**उत्तर—(c)**




स्पष्ट है कि कुछ कुर्सियां कलम हैं तथा कुछ कुर्सियां मेज हैं। अतः दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।

**26. कथन :** **I.** सभी कुर्सियां मेज हैं।
**II.** कुछ कुर्सियां पेंसिल हैं।
**निष्कर्ष :** **I.** सभी मेज कुर्सियां हैं।
**II.** कुछ पेंसिल कुर्सियां हैं।
(a) केवल निष्कर्ष (I) सही है।
(b) केवल निष्कर्ष (II) सही है।
(c) दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।
(d) न तो निष्कर्ष (I) न ही निष्कर्ष (II) सही है।


**उत्तर—(b)**




स्पष्ट है कि कुछ पेंसिल, कुर्सियां हैं, जबकि निष्कर्ष I सही नहीं है। अतः केवल कथन (II) सही है।

**27. कथन :** **I.** सभी मेज कुर्सियां हैं।
**II.** कुछ मेज कप हैं।
**निष्कर्ष :** **I.** कुछ कप कुर्सियां हैं।
**II.** कुछ कुर्सियां मेज हैं।
(a) केवल निष्कर्ष (I) सही है।
(b) केवल निष्कर्ष (II) सही है।
(c) दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।
(d) न तो निष्कर्ष (I) न ही निष्कर्ष (II) सही है।

**उत्तर—(c)**




दिए गए कथनों के आधार पर दोनों ही निष्कर्ष युक्तिसंगत है।